समाचार

राजस्व मंत्री गुरूवार को करेंगे निगम के विकास कार्यो का भूमिपूजन

कोरबा 28 दिसम्बर 2022 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल गुरूवार 29 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से निगम के 14 विभिन्न विकास कार्यो का मुख्य अतिथि के रूप में भूमिपूजन करेंगें। भूमिपूजन कार्यक्रम रामपुर, पथर्रीपारा एवं दादर चौक में आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की जाएगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 11 बजे वार्ड क्र. 33 रामपुर आंगनबाड़ी के पास भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया है। इसी प्रकार दोपहर 12 बजे वार्ड क्र. 18 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन के पास एवं दोपहर 01 बजे वार्ड क्र. 31 दादर चौक के समीप भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।